प्रादेिशक समाचार
दिनांक–09.07.2024 (दोपहर–1455 बजे)

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को हाईकोर्ट से मिली जमानत को प्रवर्तन निदेशालय, ईडी ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। ईडी की ओर से इस मामले में कल शीर्ष अदालत में एक याचिका दाखिल की गयी। फिलहाल उच्चतम न्यायालय ने ईडी की याचिका पर सुनवाई के लिए कोई तिथि निर्धारित नहीं की है। इससे पहले श्री सोरेन को जमीन घोटाल मामले में 28 जून को झारखंड हाईकोर्ट ने जमानत पर रिहा करने का फैसला सुनाया था।

****

कृषि और पशुपालन विभाग की मंत्री दीपिका पांडे सिंह ने आज अपना पदभार ग्रहण कर लिया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि किसानों के खेत तक पानी पहुंचाना उनका लक्ष्य है। कृषि मंत्री ने कहा कि राज्य के किसानों की ऊपज बढ़ाना और उनकी आमदनी दोगुना करना उनकी प्राथमिकता सूची में है। इसके अलावा जो किसान सुखाड़ और फसलों के नुकसान से प्रभावित हुए हैं, उन्हें समय पर मुआवजा मिले उस दिशा में सरकार काम करेगी।

****

पीएमएलए के विशेष न्यायाधीश की अदालत ने रांची के बरियातु स्थित सेना की जमीन की खरीद–बिक्री मामले में रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजन समेत 10 अभियुक्तों के खिलाफ आरोप गठित कर दिया है।

****

राज्य के प्रसिद्ध अर्थशास्त्री और विनोबा भावे विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति डॉ. रमेश शरण का कोलकाता में इलाज के दौरान निधन हो गया। आज दोपहर दो बजे मुक्तिधाम में उनका अंतिम संस्कार होगा। जानकारी के अनुसार लंग्स में इन्फेकशन होने के कारण डॉ. रमेश शरण की तबीयत बिगड़ गयी थी। इसके बाद उन्हें इलाज के लिए कोलकाता ले जाया गया था, जहां उन्होंने अंतिम सांस ली।

****

हजारीबाग के संत कोलंबा महाविद्यालय मैदान में अवर प्रादेशिक नियोजनालय द्वारा 12 जुलाई को एक दिवसीय दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला का आयोजन किया जाएगा। नियोजन पदाधिकारी ज्योत्सना दास ने बताया कि इसमें 24 स्थानीय और हजारीबाग के बाहर से आए नियोजक शामिल होंगे...जिसमें 4000 रिक्तियों के विरुद्ध संभावित मानव संसाधन की तलाश की जाएगी।

****

श्रम नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग झारखंड सरकार की ओर से कल **धनबाद** में दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है। विस्तृत ब्यौरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता।

****

गिरिडीह के मुफ्फसिल थाना इलाके में दुल्हे की गाड़ी सड़क हादसे का शिकार हो गई। जिसमें दुल्हे के बहनोई और धनबाद निवासी राजेश मंडल की मौत हो गई, जबकि गाड़ी में सवार पारा शिक्षक समेत तीन लोग घायल हो गए। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

****

कोल्हान बंद से पूर्व पश्चिमी सिंहभूम के चक्रधरपुर में नक्सलियों ने नक्सल विरोधी अभियान का विरोध करते हुए आज चक्रधरपुर–सोनुवा मुख्य मार्ग के रंगामाटी क्षेत्र में पोस्टर और बैनर लगाया है। आपको बता दें कि सुरक्षाबलों द्वारा लगातार नक्सल विरोधी अभियान चलाया जा रहा है,जिसके खिलाफ नक्सलियों ने 10 जुलाई को कोल्हान प्रमंडल में बंद का अह्वान किया है।

****

पलामू में भारतीय जनता पार्टी की वरिष्ठ महिला नेता लवली गुप्ता के सुदना स्थित घर में चोरी हुई है। चोरों ने 31 लाख रुपये की संपत्ति गायब कर दी है। बताया जा रहा है कि घटना के वक्त घर पर परिवार का कोई सदस्य मौजूद नहीं था। आज सूचना मिलने के बाद पुलिस डॉग स्क्वॉड के सहारे छानबीन में जुट गई है।

****

झारखंड में मानसून की बेहद कम बारिश ने लाखों किसानों की चिंता बढ़ा दी है। सीजन के शुरुआती 15 दिनों में राज्य में औसत से 50 फीसदी कम वर्षा हुई है। खेत सूखे पड़े हैं और धान की खेती कायदे से शुरू नहीं हो पाई है। चतरा जिले के इटखोरी प्रखंड के पितिज निवासी किसान योगेंद्र यादव बताते हैं कि किसानों ने धान का बिचड़ा तो किसी तरह तैयार कर लिया है, लेकिन जब तक खेतों में पानी इकट्ठा नहीं होगा, फसल की रोपनी शुरू नहीं हो पाएगी।

******समाप्त*************